


MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17


# यशोन्नति


दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लाँग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें




वर्ष 8+16 अंक 47 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी बुधवार 18 अ टूबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## भाजपा कार्यकर्त्ताओं की बैठक आज

सिवनी यशोः- भारतीय जनता पार्टी सिवनी विधानसभा क्षेत्र के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की आवश्यक बैठक भाजपा जिला कार्यालय में बुधवार दिनाँक 18 अ टूबर को दोपहर 01 बजे भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे की अध्यक्ष एवं सिवनी विधानसभा से



घोषित प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन की गरिमामय उपस्थिती में आयोजित की गयी है ।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि विधानसभा चुनाव को लेकर यह बैठक आयोजित की गयी है । संपन्न होने जा रहे विधानसभा चुनाव में जिले की चारो विधानसभाओं में ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने के लिये कार्यकर्त्ताओं ने लंबे समय से तैयारियाँ की है अब उन तैयारियों के माध्यम से परिणाम प्राप्त करने का समय आ गया है । बुधवार को आयोजित बैठक में प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिये गये निर्देश और निर्वाचन आयोग की गाईड लाईन से संबंधित चर्चा इस बैठक की विषय वस्तु रहेगी । जिला भाजपा ने इस बैठक में समस्त पदाधिकारियों एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ समस्त कार्यकर्त्ताओं से उपस्थिती का आग्रह किया गया है ।

# क्रेडिट कार्ड धारकों के साथ फ्राड करने वाले पहुँचे जेल

**12 लाख से अधिक राशि का किया फ्राड, कार्ड बंद कराने के नाम पर करते थे संपर्क और कार्ड धारक के मोबाईल से नंबर बदल कर किया जाता था फ्राड**

सिवनी यशोः- बजाज कंपनी



के कर्मचारी शहजाद असांरी द्वारा अपने भाई सादाब के साथ मिलकर धोखाधड़ी करते रहे मामला पुलिस के संज्ञान में आने पर पुलिस ने कार्यवाही कर आरोपियों को पकड़ लिया है । जानकारी के अनुसार शहजाद एवं सादाब बजाज कंपनी के क्रेडिट कार्ड धारियों को फोन कर उन्हें कार्ड बंद करने के लिये कहते थे और फिर उससे कार्ड लेकर उसके फोन में आरबीएल एप्प इस्टालकर आवेदक के रजिस्टर मोबाईल नंबर बदलकर स्वयं का नंबर डाल कर पिन चेंज कर देते थे एवं बजाज क्रेडिट अपने पास रख लेते थे एवं बाद में उक्त कार्ड से राशि का आहरण कर लेते थे । इस तरह का काम दोनो आरोपियों द्वारा अनेक कार्डधारियों के साथ किया जा चुका था ।

जब इस बात का खुलासा हुआ तो ठगी का शिकार हुये 20-25 कार्डधारी कोतवाली पहुँच गये और उन्होंने आरोपियों के विरूद्ध आवेदन देकर कार्यवाही का निवेदन किया ।

सिवनी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिछले 07 अ टूबर को क्रेडिट कार्ड धारको के साथ कंपनी के शहजाद और सादाब नाम व्यक्तियों ने धोखाधड़ी बड़ी धोखाधड़ी की है ऐसा मामला सामने आने पर कोतवाली पुलिस ने पीडितों की बात सुनने के बाद आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 904/23 धारा 419,420, 34 भारीतय दण्ड संहिता के तहत मामला पंजीबद्ध किया था । कोतवाली पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुये आरोपियों की तलाश प्रारंभ की और दूसरे दिन 8 अ टूबर को आरोपी शहजाद अंसारी को सिवनी से गिर तार किया एवं सादाब अंसारी को मुबई में होने की सूचना पर टीम गठित कर गिर तार कर सिवनी लाया गया जिसने भाई के साथ अपराध करना स्वीकार किया । आरोपियों के पास से पुलिस ने सत्तर हजार



रूपये नगद 42 क्रेडिट कार्ड बैंक संबंधी दस्तावेज एक मोबाईल जप्त किया दोनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया ।

कोतवाली पुलिस के अनुसार आरोपियों ने बजाज कंपनी के कार्ड धारको के साथ 12 लाख रूपये से अधिक धोखाधड़ी की है । इन शातिरों को पकड़ने में कोतवाली के निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि.राहुल काकोड़िया सउनि. जयदीप सेंगर, सउनि संजय यादव, प्रआर सुंदर श्याम आर. रूपेश, आर. नीतेश आर. शिवम, आर अमित, आर रहमान खान का सराहनीय योगदान रहा ।

# श्री राम द्वार पर विराजी श्री बाँकेबिहारी जी आकर्षक झांकी

सिवनी यशोः- श्री रामदल समिति द्वारा विजयदशमी पर्व विभिन्न आयोजनो के साथ मनाया जाएगा इसके लिए तैयारिया पूर्ण कर ली गयी है। श्री रामदल समिति द्वारा नेहरुरोड पर आकर्षक विद्युत साज-सज्जा की जाकर पैसेज बनाया गया है यहाँ पर श्री बाँकेबिहारी जी और राधारानी की अप्रितम झांकी बनाई गई है जो साथ-साथ झूले पर विराजमान है, इस मनोहारी प्रतिमा को राजा साइन आर्ट के हीरालाल कुल्हाड़ेजी ने आकार दिया है तथा सुश्री रुपाली रुन्झिा जी ने इसे श्रंगारित किया है, जो श्रद्धालु यहाँ से गुजरेंगे उन्हें श्री बाँकेबिहारी जी राधारानी जी की मनोहारी छटा के सुलभ दर्शन प्राप्त होंगे।

### बनारस की गंगा आरती होगी

श्री रामदल समिति का मु य आयोजन विजयदशमी पर्व मंगलवार 24 अ टूबर को बड़े मिशन स्कूल के प्राँगण शाम 06 बजे से प्रारंभ होगा जिसमें सर्वप्रथम बनारस की



प्रसिद्ध गंगा आरती की तर्ज पर श्री बाँकेबिहारी जी की आरती बनारस में ही गंगा आरती करने वाले 07 वैदिक ब्राह्मणों द्वारा की जावेगी।

### श्री बाँकेबिहारी महारारास का होगा मंचन

महाआरती के बाद श्री बांकेबिहारी राधारानी का महारास-मयूररास, सुदामा कृष्ण मिलन तथा वृंदावनधाम की सुप्रसिद्ध फूलों की होली के का मंचन होगा, यह कार्यक्रम श्री वृंदावन धाम के ही देश विदेश में प्रस्तुति देने वाले गीतांजलि इंटरनेशन के कलाकारों द्वारा दिया जावेगा।

### 41 फुट का होगा दशानन

आध्यात्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद यहाँ नागपुर के कलाकारों द्वारा निर्मित किया गया 41 फिट का बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन श्री राम लक्ष्मण के अग्निबाणों से रात्रि 09 बजे किया जावेगा इस दौरान आकाश में आकर्षण आतिशबाजी की जावेगी।

### बैठक व्यवस्था बेहतर होगी

दशहरा के इस आयोजन में महिलाओं और बच्चों तथा बुजुर्गो के लिए बैठने की अलग से व्यवस्था की जावेगी वही आमजनों के लिए भी सुगम व्यवस्था रहेगी, गणमान्य, विशिष्ट, जनप्रतिनिधियों, पत्रकार बंधुओ के लिए भी विशेष व्यवस्था की जावेगी।

### सीधा प्रसारण होगा

पूरे ग्राउंड पर सीसी टीव्ही कैमरों की नजर रहेगी, वहीं ग्राउंड के कार्यक्रम को बड़े टीव्ही स्क्रीनो के माध्यम से ग्राउंड के बाहर तथा चौक चौराहों में लगी टीव्ही स्क्रीन में तथा साई केवल नेटवर्क के माध्यम से टीव्ही स्क्रीन पर और रॉकेट नेट के माध्यम से यूट्यूब पर तथा श्री रामदल समिति की फेसबुक आईडी कर माध्यम से अपने मोबाइल पर भी इस पूरे आयोजन तथा रावण दहन का कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट देख सकते है।

सेवा कार्यो में अग्रणी है श्री रामदल श्री रामदल समिति एक रजिस्टर्ड संस्था है यह मु य रूप से दशहरा आयोजन के साथ साथ सेवा के अनेकों कार्यो को निरंतर करते रहती है 80 सदस्यों के इस दल में नगर के प्रतिष्ठित परिवारों के युवा, व्यापारी वर्ग, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, डॉ टर्स आदि स्थाईयी सदस्य है श्री राम मंदिर जीर्णोद्धार, ग्रीष्म काल मे वाटर कूलर्स के माध्यम से नगर में जल सेवा, धार्मिक यात्राओं का स्वागत, मोक्षधाम में अनेक निर्माण कार्य तथा निरन्तर सेवा के कार्यो में श्री रामदल समिति लगी रहती है।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित किया गया विश्व खाद्य दिवस का कार्यक्रम

सिवनी यशोः- कृषि विज्ञान केन्द्र सिवनी के दर्पण सभागार में मनाया



गया विश्व खाद्य दिवस कृषि विज्ञान केन्द्र सिवनी के दर्पण सभागार में दिनांक 16.10.2023 को विश्व खाद्य दिवस का आयोजन किया गया। केन्द्र के खाद्य विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. जी. के. राणा द्वारा कृषि महाविद्यालय जबलपुर एवं बालाघाट की ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव प्राप्त करने आई छात्राओं को बताया गया कि विश्व खाद्य दिवस की महत्ता भोजन के मु य छः घटक में से इस वर्ष का मु य विषय भोजन का मु य एवं अभिन्न घटक जल है। उन्होंने बढते हुए जल प्रदूषण एवं दिन प्रतिदिन होती जल की कमी के बारे में चर्चा की। जल का फसल उत्पादन, फसल उत्पादन उपरान्त रसोई में भोजन बनाने एवं भोजन ग्रहण करने उपरान्त शरीर मे पचाने तथा शरीर का ताप नियंत्रित करने एवं उपापचयी क्रियाओं के बाद अनावश्यक रसायन को शरीर से उत्सर्जित करने में मु य भूमिका है। इसके साथ ही छात्राओं को मौसमी फल आंवले से बनने वाले विभिन्न उत्पादों जैसे आंवले का मुरब्बा एवं आंवले की सुपारी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में डॉ. के. पी. एस. सैनी एवं इंजी. कुमार सोनी की उपस्थिति रहीं।

### मतदाता जागरूकता गतिविधियों अंतर्गत स्वीप गरबा का आयोजन बुधवार को

सिवनी यशोः- विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले मे सतत् रूप से मतदाता जागरूकता गतिविधियां लगातार जारी हैं। स्कूली छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता मेहंदी लगा कर एवं मतदाता हस्ताक्षर अभियान चलाकर मतदाताओं को आगामी 17 नवंबर को होने वाले मतदान में मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी तरह कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की पहल पर हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इसी तरह विभिन्न स्कूलों में जागरूकता रेली निकालकर ग्रामीणों को आगामी मतदान दिवस में मतदान के लिए प्रेरित करने की गतिविधि लगातार जारी है।

इसी तरह बुधवार 18 अ टूबर को शाम 6:00 बजे स्वीप गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में अधिकारी-कर्मचारियों एवं आमजनों से अपनी सहभागिता कर मतदाता जागरूकता गतिविधियों में सहभागी बनने की अपील की गई है।

## फटाखों की खुदरा बिक्री हेतु अस्थाई लायसेंस के लिए ऑनलाईन आवेदन 23 अ टूबर तक

सिवनी यशोः- आगामी दीपावली त्यौहार के मद्देनजर पटाखों की खुदरा बिक्री हेतु विस्फोटक नियम 1983 के नियम 154(4) के अनुसार फटाखों के अस्थाई लायसेंस अनुज्ञप्ति प्राप्ति हेतु ई-सर्विस पोर्टल **http://services.mp.gov.in** के माध्यम से पूर्णतः ऑनलाईन प्रदान किए जाने की व्यवस्था पूर्व वर्षो से प्रारंभ की गई है। नवीन व्यवस्था के तहत आवेदनकर्ताओं को ऑनलाईन आवेदन पत्र में चाही गयी जानकारी के साथ नि न दस्तावेजों की स्कैन प्रति भी ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 23 अ टूबर 2023 निर्धारित की गई है।

आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज-आवेदन के साथ आवेदक की पासपोर्ट साईज की 2 नवीनतम फोटो तथा वर्ष 2022 में लायसेंस प्राप्त किया हो तो मूल लायसेंस की प्रति, वर्ष 2022 में पटाखा विक्रेताओं द्वारा क्रय किए गए पटाखों के केश मेमो की छाया प्रति, लायसेंस फीस के रूप में 500/- रूपये लेखा शीर्ष-0070 अन्य प्रशासनिक सेवाएं 060, अन्य सेवाएं 103 विस्फोटक अधिनियम अंतर्गत ऑनलाईन चालान जमा करना होगा। लाससेंस फीस की राशि केवल ई-सर्विस पोर्ट **http://services.mp.gov.in** में दिए गए विकल्प द्वारा ही जमा की जाएगी, अन्य माध्यम से नहीं। ऑनलाईन आवेदन करने वाले आवेदक समस्त दस्तावेजों की एक प्रति की हार्ड कॉपी 25 अ टूबर 23 तक कले टर कार्यालय की लायसेंस शाखा में जमा करना होगा। ऑनलाईन आवेदन के साथ शपथपत्र भरकर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

अस्थायी फटाखा लायसेंस के लिए 18 वर्ष से ऊपर की आयु का व्यक्ति ही आवेदन करें, आवेदक न्यायालय द्वारा आपराधिक मामलों में दोष सिध्द न किया गया हो। आवेदक विकृत चित्त वाला न हो। आवेदक को परिशांति कायम रखने एवं सदाचार के लिए बंध पत्र निष्पादित करने के लिए आदेश न दिया गया हो। उपरोक्त वर्णित तथ्यों के संबंध में आवेदक को शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में तकनीकी समस्या का निराकरण हेतु इच्छुक व्यक्ति प्रबंधक, जिला ई-गवेर्नेंस सिवनी से संपर्क कर सतता है।

## शमशान घाट में खेल रहे थे जुँआ, पुलिस ने मारा छापा

सिवनी यशोः- पुलिस अधीक्षक सिवनी राकेश कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सिवनी के निर्देशानुसार जुआ सट्टा पर कार्यवाही करने हेतु पुलिस महकमें को दिये गये निर्देश से जुँआ सट्टा के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये गत 15 अ टूबर को मुखबिर के आधार पर भैरोगंज क्षेत्र तथा मुंगवानी रोड जुँआ खेलने वालो पर थाना प्रभारी कोतवाली सिवनी द्वारा टीम गाठित कर घेराबंदी कर तीन अलग अलग जुआ फड़ म छापामार कार्यवाही करते हुये 7200 रूपये जप्त किये गये।

जानकारी अनुसार नहर रोड भैरोगंज सिवनी के जुँआ फड़ पर छापामार कार्यवाही करते हुये चार जुआड़ियों से 6300 रूपये तथा 52 ताश के पत्ते जप्त किये गये तथा चारों

नहर रोड भैरोगंज सिवनी में छापामार कर तीन जुआड़ियों के पास से 4100 रूपये और 52 ताश के पत्ते जप्त किये गये ।

तीसरे स्थान मुंगवानी रोड शमशान घाट के पीछे सिवनी जुँआ खेल रहे तीन आरोपियों के पास 7200 रूपये तथा ताश के पत्ते जप्त किये गये ।

छापामार कार्यवाही में निरी.सतीश तिवारी, प्र. आर. 406 रामअवतार डेहरिया, प्र. आर. 93 कमलेश बागड़े, प्र. आर. संदीप दिक्षित, आर. 262 नीतेश राजपूत, आर. 134 अमित रघुवंशी, आर. 518 अंकित देशमुख, आर. 749 राजेन्द्र राजपूत, आर. 289 रत्नेश, आर. 605 मनोज हरिनखेडे, आर. 574 राजू भलावी, आर. 515 गुलाब, आर. 247 इरफान शामिल थे ।

## आदिवासी समाज के उत्थान और उनके गौरव के लिये भाजपा ने किया ऐतिहासिक काम - दिनेश राय

**भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन गांव-गांव पहुंच ग्रामीण बंधुओं से लिया आशीर्वाद बंजारी मे शक्ति स्वरुपा माता रानी के दर्शन कर प्रारंभ किया जनसंपर्क अभियान**

सिवनी यशोः- प्रदेश की शिवराज सरकार ने आदिवासी समाज के उत्थान के लिये और उनके गौरवशाली इतिहास को स्थापित करने की क्रांतिकारी पहल की है। उक्ताशय की बात भाजपा प्रत्याशी श्री दिनेश राय मुनमुन द्वारा कही गयी है।सिवनी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन



ने ग्रामीण अंचल मे जनसंपर्क के दौरान संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र और प्रदेश की सरकार हर वर्ग को विकास की मु यधारा से जोडने के लिये पूरी गंभीरता से काम कर रही है प्रदेश की बड़ी आबादी आदिवासी वर्ग की है परंतु यह वर्ग विकास की मु यधारा से कटा रहा है प्रदेश की यशस्वी शिवराज सरकार ने इस वर्ग के उत्थान के लिये और उनके गौरवशाली इतिहास को स्थापित करने की क्रांतिकारी पहल की है। भगवान बिरसामुंडा, टंट्या मामा, राजा शंकर शाह, रघुनाथ शाह, रानी दुर्गावती, रानी कमलपति जैसी महान ऐतिहासिक हस्तियों के बलिदान के गौरव को स्थापित किया है तथा आदिवासी वर्ग के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये क्रांतिकारी कदम उठाये। दिनेश राय मुनमुन ने आगे कहा कि आज प्रदेश में आदिवासी वर्ग आर्थिक रूप से सक्षम हो रहा है, शिक्षा के क्षेत्र में समृद्ध हो रहा है और प्रदेश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

प्रदेश की भाजपा सरकार ने आदिवासी वर्ग को सक्षम बनाने के लिये युवाओं को स्वरोजगार के अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण एवं मु यमंत्री अनुसूचित जनजाति विशेष वित्तपोषण जैसी योजनाओं के माध्यम से सक्षमता प्रदान करने के अभिनव अभियान प्रारंभ किये है। समूहों के माध्यम से इस वर्ग की महिलाओं को रोजगार से जोडने के सफल प्रयास हुये है। भाजपा ने आदिवासी वर्ग के स मान के लिये जो प्रयास किये है वे पहले कभी नहीं हुये। देश के राष्ट्रपति पद पर आदिवासी वर्ग को गौरव प्रदान किया है। आज भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के साथ बंजारी मंदिर मे विराजित माता रानी के दर्शन तथा पूजन अर्चन व आशीर्वाद प्राप्त कर शक्ति स्वरूपा मां के जयकारों के साथ जनसंपर्क अभियान प्रारंभ करते हुए प्रातः 10:00 बजे ग्राम घुनई पहुंचें। इसके पश्चात दिनेश राय मुनमुन ने देवगांव, नयेगांव, मुंडरई, सूखामाल, ऊंटेकटा, इमलीपठार, चमारी कलां, चमारी खुर्द, नांदियाकलां, खमरिया, सालीवाडा, मढ़वा, कचनरा, इमलिया, कमली, तेंदनी, बडपानी, भरगा, लाठगांव, झिरी, डांगावानी, तिलबोडी, पौण्डी, केकड़ा करेली, ग्राम देवरीकलां आदि ग्रामों सघन जनसंपर्क कर जन आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान दिनेश राय मुनमुन ने गांव-गांव मे विराजित शक्ति स्वरुपा माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके साथ ही आप ग्राम केकड़ा के प्रतिष्ठित नागरिक अरुण चौकसे के निवास पहुंचे। तथा उनके पिता जी के गत दिवस हुए निधन पर शोक संवेदना व्यक्त किया।

### राजमिस्त्रियों का स मेलन संपन्न

छपारा यशोः- छपरा भारत में सीमेंट की अग्रणी कंपनी *डालमिया सीमेंट* के द्वारा सिवनी जिले के छपारा शहर में दिनांक 16/10/2023 को राजमिस्त्रीयो एवं ठेकेदारों के लिए स मेलन का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन छपारा में कार्यरत डालमिया सीमेंट के डीलर प्रशांत ट्रेडर्स में किया गया। कार्यक्रम में कंपनी के तकनीकी अधिकारी श्री अमन बोपचे द्वारा राजमिस्त्रीयो व ठेकेदार बंधुओ को डालमिया सीमेंट की क्वालिटी व साइट पर दी जाने वाली सर्विस के बारे में जानकारी दी। और साथ ही राजमिस्त्री बंधुओ को डालमिया सीमेंट द्वारा उपहार भी भेंट किए गए। इस समारोह में छपारा शहर के डालमिया सीमेंट के डीलर श्री प्रशांत सिंह एवं स मानीय ठेकेदार बंधुगढ़ एवं राजमिस्त्री बंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ

### जबरन नॉलेज



